पंजाब केसरी
SUN,23 AUGUST 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5


# टी.ई.टी. जून-2026 का परिणाम 22.56 प्रतिशत

## ■ 29,900 अभ्यर्थियों में से केवल 6,744 पास

धर्मशाला, 22 अगस्त (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जून-2026 में आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। बोर्ड द्वारा 10 विभिन्न विषयों में आयोजित की गई इस परीक्षा में कुल 22.56 प्रतिशत अभ्यर्थी सफल रहे हैं। टी.ई.टी. के लिए कुल 32,531 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 29,900 परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों में उपस्थित हुए और 2,631 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थियों में से 6,744 अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की है, जबकि 23,154 अभ्यर्थी अनुत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। सभी 10 विषयों में से स्पैशल एजुकेटर टी.ई.टी. का परिणाम सर्वाधिक 93.18 प्रतिशत रहा, जबकि टी.जी.टी. आर्ट्स का परिणाम सबसे कम मात्र 5.15 प्रतिशत दर्ज किया गया। जे.बी.टी. टी.ई.टी. में 8,374 उपस्थित अभ्यर्थियों में से 4,369 पास हुए और इसका कुल परिणाम 52.17 प्रतिशत रहा। इसके अतिरिक्त टी.जी.टी. नॉन-मैडीकल परीक्षा में अनुचित साधनों (यू.एम.सी.) का प्रयोग करने पर 2 अभ्यर्थियों को एक वर्ष के लिए अयोग्य घोषित कर दिया

“हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा परीक्षाओं के सफल आयोजन और परिणाम जारी करने की प्रक्रिया में पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता तथा विश्वसनीयता सुनिश्चित की गई है। बोर्ड का निरंतर प्रयास रहता है कि सभी परीक्षाओं के परिणाम समयबद्ध तरीके से घोषित किए जाएं, ताकि योग्य और सक्षम शिक्षक प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत कर सकें।



– डॉ. राजेश शर्मा,
अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड

गया है। परीक्षा परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर जारी कर दिया गया है।

### विभिन्न विषयों का ऐसा रहा उत्तीर्ण प्रतिशत

शिक्षक पात्रता परीक्षा में स्पैशल एजुकेटर प्री-प्राइमरी से कक्षा 5वीं का परिणाम 42.50 प्रतिशत रहा। इसके अलावा टी.जी.टी. नॉन-मैडीकल में 19.14 प्रतिशत, संस्कृत में 15.82 प्रतिशत, हिंदी में 15.60 प्रतिशत, मैडीकल में 5.33 प्रतिशत, पंजाबी टी.ई.टी. में 12.68 प्रतिशत तथा उर्दू टी.ई.टी. में 50 प्रतिशत अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। बोर्ड द्वारा प्रोविजनल उत्तर कुंजी पर प्राप्त आपत्तियों का विषय विशेषज्ञों से निस्तारण कराने के बाद फाइनल उत्तर कुंजी के आधार पर यह परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।

पंजाब केसरी
SUN,23 AUGUST 2026
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO. 1

# 17 सितम्बर से शुरू होंगी राज्य मुक्त विद्यालय की परीक्षाएं

धर्मशाला, 22 अगस्त (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने राज्य मुक्त विद्यालय की 8वीं, 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं की समय-सारिणी जारी कर दी है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि ये परीक्षाएं 17 सितम्बर से सुबह 9:45 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आयोजित होंगी। उन्होंने बताया कि बोर्ड ने जुलाई में भारी बारिश के कारण परीक्षा देने से वंचित रहे 8वीं के नियमित विद्यार्थियों को भी इसमें शामिल होने का विशेष मौका दिया है। इसके साथ ही मार्च में परीक्षा दे चुके 10वीं और 12वीं के पुनर्मूल्यांकन के बाद कम्पार्टमैंट या सुधार श्रेणी वाले नियमित छात्र भी इसमें बैठ सकेंगे। 8वीं की परीक्षाएं 17 से 24 सितम्बर, 10वीं की 17 से 28 सितम्बर और 12वीं की परीक्षाएं 17 सितम्बर से 6 अक्तूबर तक चलेंगी। लिखित परीक्षाओं के बाद 10वीं और 12वीं के परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं 8 से 17 अक्तूबर तक संबंधित अध्ययन केंद्रों में आयोजित की जाएंगी।

दैनिक सवेरा
अंधेरे से उजाले की ओर...
टाइम्स

# 17 सितंबर से शुरू होंगी एसओएस परीक्षाएं

## 8वीं, 10वीं और 12वीं का शेड्यूल, बारिश के कारण वंचित छात्रों को भी मिलेगा मौका

**सवेरा न्यूज/यशपाल सिंह**

धर्मशाला, 22 अगस्त : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने राज्य मुक्त विद्यालय (एसओएस) के तहत 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षाओं की परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया है। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि पूर्ण विषय, री-अपीयर, श्रेणी सुधार और अतिरिक्त विषयों की परीक्षाएं 17 सितंबर 2026 से प्रदेशभर में आयोजित की जाएंगी। परीक्षाओं को लेकर बोर्ड ने तैयारियां पूरी करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। सभी लिखित परीक्षाएं सुबह 9:45 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होंगी। विद्यार्थियों को परीक्षा शुरू होने से पहले निर्धारित केंद्र पर पहुंचने की सलाह दी गई है। बोर्ड ने उन विद्यार्थियों को भी राहत दी है, जो किन्हीं कारणों से पहले परीक्षा नहीं दे पाए थे। मार्च 2026 में आयोजित 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन के बाद कंपार्टमेंट प्राप्त करने वाले नियमित विद्यार्थियों को भी इस शेड्यूल के तहत परीक्षा देने का अवसर मिलेगा।

**परीक्षा का शेड्यूल:** बोर्ड के अनुसार 8वीं कक्षा की परीक्षाएं 17 सितंबर से 24 सितंबर 2026 तक चलेंगी। वहीं 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 17 से 28 सितंबर और जमा दो की परीक्षाएं 17 सितंबर से 6 अक्टूबर 2026 तक आयोजित की जाएंगी।

**8 अक्तूबर से शुरू होगी प्रायोगिक परीक्षाएं:** 10वीं और 12वीं कक्षा की प्रायोगिक परीक्षाएं लिखित परीक्षाओं के बाद 8 से 17 अक्तूबर 2026 तक आयोजित की जाएंगी। ये परीक्षाएं सभी राजकीय और मान्यता प्राप्त अध्ययन केंद्रों में आंतरिक स्तर पर होंगी। संबंधित विषयों के अध्यापक ही प्रायोगिक परीक्षाओं के प्रश्नपत्र तैयार करेंगे।



एसओएस के तहत 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षाओं की परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया है। पूर्ण विषय, री-अपीयर, श्रेणी सुधार और अतिरिक्त विषयों की परीक्षाएं 17 सितंबर 2026 से प्रदेशभर में आयोजित की जाएंगी। परीक्षाओं को लेकर बोर्ड ने तैयारियां पूरी करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। सभी परीक्षार्थियों को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित परीक्षा व्यवस्था उपलब्ध करवाना बोर्ड की प्राथमिकता है।

**(डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड)**

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

# टेट का रिजल्ट घोषित, 6744 अभ्यर्थी पास

## 32531 ने किया आवेदन, 29900 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल; जून में 10 विषयों की हुई थी शिक्षक पात्रता परीक्षा

सवेरा न्यूज/ यशपाल सिंह

धर्मशाला 22 अगस्तः हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जून-2026 में आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) का परिणाम घोषित कर दिया है। प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में 10 विषयों में आयोजित इस परीक्षा के लिए कुल 32,531 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनमें से 29,900 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 2,631 अनुपस्थित रहे। परीक्षा में उपस्थित अभ्यर्थियों में से 6,744 उत्तीर्ण और 23,154 अनुत्तीर्ण घोषित किए गए। इस तरह परीक्षा में उपस्थित अभ्यर्थियों का परिणाम 22.56 प्रतिशत रहा। जून-2026 में बोर्ड ने स्पेशल एजुकेटर टीईटी (प्री-प्राइमरी से कक्षा पांचवीं), स्पेशल एजुकेटर टीईटी (कक्षा छठी से बारहवीं), टीजीटी आर्ट्स, टीजीटी मेडिकल, जेबीटी, टीजीटी संस्कृत, पंजाबी, उर्दू, टीजीटी नॉन-मेडिकल तथा टीजीटी हिंदी विषयों में परीक्षा आयोजित की।

## टीजीटी विषयों में कम रहा परिणाम

टीजीटी आर्ट्स में 9,647 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें 497 उत्तीर्ण हुए। इसका परिणाम 5.15 प्रतिशत रहा। टीजीटी मेडिकल में 3,020 में से 161 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए और परिणाम 5.33 प्रतिशत रहा। टीजीटी संस्कृत में 1,296 में से 205 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए और परिणाम 15.82 प्रतिशत रहा। टीजीटी नॉन-मेडिकल में 5,067 अभ्यर्थियों में से 969 सफल हुए और परिणाम 19.14 प्रतिशत रहा। टीजीटी हिंदी में 2,013 में से 314 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए तथा परिणाम 15.60 प्रतिशत रहा। पंजाबी टीईटी में 71 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें नौ उत्तीर्ण हुए। इसका परिणाम 12.68 प्रतिशत रहा। उर्दू टीईटी में चार अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें दो सफल रहे। इसका परिणाम 50 प्रतिशत रहा।

## स्पेशल एजुकेटर टीईटी में सबसे बेहतर परिणाम

स्पेशल एजुकेटर टीईटी (कक्षा छठी से बारहवीं) का परिणाम सभी विषयों में सबसे अधिक रहा। इसमें 88 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें 82 उत्तीर्ण हुए। इसका परिणाम 93.18 प्रतिशत रहा। वहीं स्पेशल एजुकेटर टीईटी (प्री-प्राइमरी से कक्षा पांचवीं) में 320 अभ्यर्थी शामिल हुए, जिनमें 136 उत्तीर्ण रहे। इसका परिणाम 42.50 प्रतिशत रहा।

## टीजीटी नॉन-मेडिकल में यूएमसी के दो मामले

परीक्षा के दौरान टीजीटी नॉन-मेडिकल विषय में अनुचित साधन (यूएमसी) के दो मामले सामने आए। बोर्ड के निर्धारित नियमों के अनुसार दोनों संबंधित अभ्यर्थियों को एक वर्ष के लिए टीजीटी नॉन-मेडिकल की परीक्षा के लिए अयोग्य घोषित किया गया है।

## जेबीटी टीईटी का परिणाम 52.17 प्रतिशत

जेबीटी टीईटी के लिए 8,925 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनमें से 8,374 परीक्षा में शामिल हुए। 4,369 अभ्यर्थी उत्तीर्ण और 4,005 अनुत्तीर्ण रहे। जेबीटी टीईटी का परिणाम 52.17 प्रतिशत रहा।

# महज 22.56 फीसदी ने पास किया टेट

## प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जारी किया परिणाम, जून में 29900 ने दी थी परीक्षा

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो– धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जून, 2026 में आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी का परिणाम घोषित कर दिया गया है। बोर्ड द्वारा प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में 10 विषयों में शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा के लिए कुल 32,531 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया, जिनमें से 29,900 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित हुए, जबकि 2,631 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में उपस्थित अभ्यर्थियों में से 6,744 अभ्यर्थी उत्तीर्ण तथा 23,154 अभ्यर्थी अनुत्तीर्ण घोषित किए गए। इस प्रकार परीक्षा में उपस्थित अभ्यर्थियों के आधार पर कुल 22.56 प्रतिशत अभ्यर्थी सफल रहे। यह परीक्षा स्पेशल एजुकेटर (प्री-प्राइमरी से कक्षा

के परिणामों में स्पेशल एजुकेटर टेट (कक्षा छठी से 12वीं) का प्रदर्शन सभी विषयों में सबसे शानदार रहा। इस परीक्षा में उपस्थित हुए 88 अभ्यर्थियों में से 82 ने बाजी मारी, जिससे इसका उत्तीर्ण प्रतिशत सर्वाधिक 93.18 फीसदी दर्ज किया गया। वहीं, स्पेशल एजुकेटर (प्री-प्राइमरी से कक्षा पांचवीं) में 320 अभ्यर्थी शामिल हुए, जिनमें से 136 पास हुए और परिणाम 42.50 फीसदी रहा। दूसरी ओर, जेबीटी टेट के लिए 8,925 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 8,374 ने परीक्षा दी। इनमें 4,369 अभ्यर्थी पास हुए तथा 4,005 अनुत्तीर्ण रहे, जिससे जेबीटी का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 52.17 फीसदी रहा। टीजीटी विषयों के परिणामों की बात करें तो, टीजीटी आर्ट्स में 9,647 अभ्यर्थियों में से केवल 497 (5.15 फीसदी) और टीजीटी

### दो छात्र एक साल के लिए अयोग्य घोषित

परीक्षा को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने के लिए बोर्ड ने सख्त कदम भी उठाए हैं। टीजीटी नॉन-मेडिकल की परीक्षा के दौरान अनुचित साधन यूएमसी यानी नकल के दो मामले सामने आए। बोर्ड ने अपने निर्धारित नियमों के तहत सख्त कार्रवाई करते हुए इन दोनों संबंधित अभ्यर्थियों को एक वर्ष के लिए टीजीटी नॉन-मेडिकल परीक्षा देने से अयोग्य घोषित कर दिया है।

फीसदी (5,067 में से 969 पास) और टीजीटी हिंदी में 15.60 फीसदी (2,013 में से 314 पास) परिणाम रहा। भाषाओं में, पंजाबी विषय में 71 में से नौ (12.68 फीसदी) और उर्दू में चार में से दो

Divya Himachal Dt.23-08-26

# एसओएस परीक्षाएं 17 सितंबर से

## स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जारी किया 8वीं, 10वीं और 12वीं का शेड्यूल

दिव्य हिमाचल ब्यूरो-धर्मशाला



हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने राज्य मुक्त विद्यालय एसओएस के तहत होने वाली 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षाओं की परीक्षाओं का विस्तृत शेड्यूल जारी कर दिया है। बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने घोषणा की है कि पूर्ण विषय, री-अपीयर, श्रेणी सुधार और अतिरिक्त विषयों की ये परीक्षाएं 17 सितंबर 2026 से पूरे प्रदेश में आयोजित की जाएंगी। बोर्ड ने उन विद्यार्थियों को भी बड़ी राहत दी है, जो भारी बारिश या कंपार्टमेंट के कारण पहले परीक्षा नहीं दे पाए थे। बोर्ड द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, सभी लिखित परीक्षाएं सुबह 9:45 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित की जाएंगी। बोर्ड ने उन विद्यार्थियों का विशेष ध्यान रखा है जिनकी परीक्षाएं किन्हीं कारणों से छूट गई थीं। मार्च 2026 में हुई 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में पुनर्मूल्यांकन के बाद जिन नियमित परीक्षार्थियों की कंपार्टमेंट आई है, उन्हें इस शेड्यूल के साथ परीक्षा देने का विशेष मौका दिया गया है।

### प्रेक्टिकल एग्जाम

**लिखित परीक्षाओं** के बाद 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। ये परीक्षाएं आठ अक्तूबर से 17 अक्तूबर 2026 के बीच सभी राजकीय और मान्यता प्राप्त अध्ययन केंद्रों पर आंतरिक रूप से संचालित होंगी। संबंधित विषयों के अध्यापक ही इन परीक्षाओं के प्रश्न पत्र तैयार करेंगे।

- राज्य में बारिश से छूटे छात्रों को भी मिलेगा मौका

### अक्तूबर तक चलेंगी परीक्षाएं

**आठवीं कक्षा**-17 सितंबर से 24 सितंबर तक, दसवीं कक्षा-17 सितंबर से 28 सितंबर तक, जमा दो (12वीं) कक्षा-17 सितंबर से 06 अक्तूबर तक परीक्षाओं का दौर चलेगा।

**Amar Ujala Dt.23-08-26**

# एसओएस की परीक्षाएं 17 से, हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जारी किया शेड्यूल

## सुबह 9:45 से दोपहर 1:00 बजे तक होंगी 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं

अमर उजाला ब्यूरो

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की एसओएस की 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं 17 सितंबर से शुरू होंगी। इस दौरान पूर्ण विषय, री अपीयर, श्रेणी सुधार, विशेष अंक सुधार और अतिरिक्त विषय की परीक्षाएं शामिल होंगी। इन परीक्षाओं का आयोजन सुबह 9:45 से दोपहर 1:00 बजे तक होगा। बोर्ड ने परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया है।

8वीं कक्षा की परीक्षाएं 17 से 24 सितंबर, 10वीं कक्षा की 17 से 28 सितंबर और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं 17 सितंबर से 6 अक्तूबर तक होंगी। इस संदर्भ में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने अधिसूचना भी जारी कर दी है। 10वीं और 12वीं कक्षाओं के परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं 8 से 17 अक्तूबर तक आंतरिक रूप से सभी राजकीय और संबद्धता प्राप्त विद्यालयों में स्थापित अध्ययन केंद्रों में संबंधित विषय के अध्यापक द्वारा स्थल पर ही प्रश्नपत्र सेट करवा कर संचालित करवाई जाएंगी।

मार्च, 2026 में आयोजित करवाई गई 10वीं-12वीं कक्षाओं की परीक्षा के ऐसे नियमित परीक्षार्थी, जिनका परीक्षा परिणाम पुनर्मूल्यांकन-पुनर्निरीक्षण के बाद कंपार्टमेंट घोषित किया गया है, उनकी परीक्षाएं भी इस दौरान ही आयोजित करवाई जाएंगी। शिक्षा बोर्ड ने अतिरिक्त नियमित 8वीं कक्षा के ऐसे परीक्षार्थी जो 10 जुलाई को प्रदेश में भारी वर्षा के कारण संबंधित जिलाधीशों द्वारा घोषित अवकाश के दृष्टिगत परीक्षा नहीं दे पाए थे, उनकी परीक्षाएं भी इस दौरान आयोजित की जाएंगी।



### 8वीं कक्षा की डेटशीट

8वीं कक्षा की 17 सितंबर को अंग्रेजी, 18 को कला, 19 को गणित, 21 को हिंदी, 22 को संस्कृत, 23 को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और 24 सितंबर को सामाजिक विज्ञान की परीक्षा का आयोजन होगा।

### 10वीं कक्षा की डेटशीट

10वीं कक्षा की 17 सितंबर को साइंस एंड टेक्नोलॉजी, 18 को फाइनेंशियल लिटरेसी, 19 को अंग्रेजी, 21 को गणित, 22 को होम साइंस और 23 हिंदी की परीक्षा होंगी। 24 को आर्ट, इकोनॉमिक्स, कॉमर्स, ऑटोमोटिव, प्राइवेट सिक्योरिटी, रिटेल, आईटीईएस, एग्रीकल्चर, टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी, टेलीकॉम, फिजिकल एजुकेशन, बीएफएसआई, प्लंबर, ब्यूटी एंड वेलनेस, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, अपैरल्स और फूड प्रोडक्शन विषय की परीक्षा का आयोजन होगा। 25 को उर्दू, संस्कृत और पंजाबी, 26 को कंप्यूटर साइंस और 28 सितंबर को सोशल साइंस विषय की परीक्षा होगा।

### 12वीं कक्षा की डेटशीट

12वीं कक्षा की 17 सितंबर को इकोनॉमिक्स, 18 को होम साइंस, 19 को केमिस्ट्री और बिजनेस स्टडी, 21 को सोशियोलॉजी, 22 को पॉलिटिकल साइंस, 23 को संस्कृत, 24 को अकाउंटेंसी और फिजिक्स, 25 को इतिहास, 26 को फाइनेंशियल लिटरेसी, 28 को बायोलॉजी, 29 को ज्योग्राफी की परीक्षा होगी। 30 अगस्त को फिजिकल एजुकेशन, कंप्यूटर साइंस, एग्रीकल्चर, ऑटोमोटिव, हेल्थकेयर, आईटीईएस, मीडिया एंड इंटरटेनमेंट, रिटेल, प्राइवेट सिक्योरिटी, टेलीकॉम, टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी, बीएफएसआई, अपैरल्स, ब्यूटी एंड वेलनेस, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, प्लंबर और और फूड प्रोडक्शन विषय की परीक्षा होगी। 1 अगस्त को पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, 3 को अंग्रेजी, 5 को हिंदी और उर्दू, जबकि 6 अक्तूबर को गणित की परीक्षा होगी।

Amar Ujala Dt.23-08-26

# टीजीटी आर्ट्स, मेडिकल की शिक्षक पात्रता परीक्षा में 5% ही पास

## 10 विषयों में टेट के लिए 29,900 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, 6,744 को हासिल हुई सफलता

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से जून में आयोजित की गई 10 विषयों की अध्यापक पात्रता परीक्षा (टेट) का परिणाम घोषित कर दिया है। टीजीटी आर्ट्स व मेडिकल की परीक्षा में मात्र पांच फीसदी ही पास हुए हुए। बोर्ड के पास 32,531 अभ्यर्थियों के आवेदन पहुंचे थे, जबकि 29,900 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। 2,631 अभ्यर्थी परीक्षा से गैरहाजिर रहे थे।

बोर्ड ने 6,744 अभ्यर्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया है, जबकि 23,154 को फेल घोषित किया गया है। बोर्ड ने टीजीटी नॉन मेडिकल के दो विद्यार्थियों को नकल करने पर एक-एक वर्ष के लिए अयोग्य भी घोषित किया है। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि इस परीक्षा परिणाम को पूर्व में जारी अस्थायी उत्तरकुंजी में दर्ज उत्तरों के संदर्भ में परीक्षार्थियों द्वारा दर्ज करवाई गई आपत्तियों की विषय विशेषज्ञों से समीक्षा करवाने के बाद तैयार की गई अंतिम उत्तरकुंजी के अनुसार तैयार किया गया है।



**नकल करने पर टीजीटी नॉन मेडिकल के दो अभ्यर्थी एक साल के लिए अयोग्य घोषित**

उन्होंने बताया कि इस परिणाम को बोर्ड की वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है। शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित किए गए स्पेशल एजुकेटर (कक्षा प्री नर्सरी से 5वीं) के लिए 407 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनमें से 320 उपस्थित हुए थे, 87 ने परीक्षा नहीं दी थी। बोर्ड ने 136 को पास, जबकि 184 का परिणाम फेल घोषित किया है। वहीं स्पेशल एजुकेटर (कक्षा छठी से 12वीं) में 88 में से 82 परीक्षार्थी पास हुए हैं। टीजीटी आर्ट्स में 9,647 में 497, टीजीटी मेडिकल के 3,020 में 161 और जेबीटी के 8,374 अभ्यर्थियों में से 4,369 को सफलता हासिल हुई है।

टीजीटी संस्कृत के 1,296 अभ्यर्थियों में 205, पंजाबी के 71 अभ्यर्थियों में 9, उर्दू के चार अभ्यर्थियों में दो, टीजीटी नॉन मेडिकल के 5,067 अभ्यर्थियों में 969 और टीजीटी हिंदी विषय के 2,013 अभ्यर्थियों में 314 अभ्यर्थियों को सफलता हासिल हुई है। ब्यूरो

### जेबीटी विषय में अभ्यर्थियों को मिले 12 ग्रेस मार्क्स

स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से जेबीटी विषय की जारी की गई अंतिम उत्तरकुंजी में 12 अंक अभ्यर्थियों को ग्रेस मार्क्स के रूप में प्रदान किए गए हैं। बावजूद इसके जेबीटी विषय में 52.17 फीसदी अभ्यर्थी ही पास हो सके हैं। जेबीटी विषय के लिए 8,925 ने आवेदन किया था। इनमें से 8,374 ने परीक्षा दी थी। 551 गैरहाजिर और 4,369 को पास घोषित किया गया है, जबकि फेल होने वाले विद्यार्थियों का आंकड़ा 4,005 रहा है।

Himachal Dastak Dt.23-08-26

# राज्य मुक्त विद्यालय की परीक्षाएं 17 से बारिश से छूटे छात्रों को भी मिला मौका

हिमाचल दस्तक ■ धर्मशाला

■ शिक्षा बोर्ड ने जारी किया 8वीं, 10वीं और 12वीं का शेड्यूल

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा राज्य मुक्त विद्यालय के तहत 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षाओं की पूर्ण विषय, री-अपीयर, श्रेणी सुधार, विशेष अंक सुधार एवं अतिरिक्त विषय की परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि ये परीक्षाएं 17 सितंबर से प्रदेशभर में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी। बोर्ड ने विद्यार्थियों को राहत देते हुए 10 जुलाई को प्रदेश में भारी वर्षा के कारण उत्पन्न परिस्थितियों के चलते परीक्षा से वंचित रहे नियमित 8वीं कक्षा के परीक्षार्थियों को भी परीक्षा में शामिल होने का विशेष अवसर प्रदान किया है। ऐसे विद्यार्थियों की परीक्षाएं भी जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त मार्च में आयोजित 10वीं एवं 12वीं कक्षाओं की परीक्षा के ऐसे नियमित परीक्षार्थी, जिनका पुनर्मूल्यांकन/पुनर्निरीक्षण के उपरांत परिणाम कंपार्टमेंट अथवा अनिवार्य सुधार घोषित हुआ है, उन्हें भी बोर्ड द्वारा विशेष परीक्षा का अवसर दिया गया है। इन परीक्षार्थियों की परीक्षाएं भी निर्धारित तिथि-सूची के अनुसार आयोजित की जाएंगी। बोर्ड द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार सभी लिखित परीक्षाएं प्रातः 9.45 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएंगी।

# 17 सितंबर से शुरू होंगी राज्य मुक्त विद्यालय की परीक्षाएं

अनंत ज्ञान

◆ बारिश के कारण छूटे छात्रों को भी मिला मौका

◆ बोर्ड ने जारी किया 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षा का शेड्यूल; सुबह 9:45 बजे से शुरू होंगे पेपर

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने राज्य मुक्त विद्यालय के तहत होने वाली 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षाओं की परीक्षाओं का विस्तृत शेड्यूल जारी कर दिया है। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने घोषणा की है कि पूर्ण विषय, री-अपीअर, श्रेणी सुधार और अतिरिक्त विषयों की ये परीक्षाएं 17 सितंबर से पूरे प्रदेश में आयोजित की जाएंगी। बोर्ड ने उन विद्यार्थियों को भी बड़ी राहत दी है, जो भारी बारिश या कंपार्टमेंट के कारण पहले परीक्षा नहीं दे पाए थे। सभी लिखित परीक्षाएं सुबह 9:45 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आयोजित की जाएंगी।

**कंपार्टमेंट के विद्यार्थी:** मार्च 2026 में हुई 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में पुनर्मूल्यांकन के बाद जिन नियमित परीक्षार्थियों की कंपार्टमेंट आई है, उन्हें इस शेड्यूल के साथ परीक्षा देने का विशेष मौका दिया गया है।

**बारिश से प्रभावित छात्र:** 10 जुलाई 2026 को प्रदेश में भारी बारिश के कारण पैदा हुए हालातों की वजह से जो 8वीं के नियमित छात्र परीक्षा नहीं दे पाए थे, वे भी इन्ही तिथियों पर अपनी परीक्षा दे सकेंगे। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने परीक्षा की तैयारियों को लेकर आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी परीक्षार्थियों को निष्पक्ष, सुव्यवस्थित और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था उपलब्ध करवाना बोर्ड की प्राथमिकता है।

**आठवीं कक्षा:** 17 सितंबर से 24 सितंबर 2026 तक

**दसवीं कक्षा:** 17 सितंबर से 28 सितंबर 2026 तक

**जमा दो (12वीं) कक्षा:** 17 सितंबर से 06 अक्तूबर 2026 तक

**प्रायोगिक परीक्षाएं :** लिखित परीक्षाओं के बाद 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। ये परीक्षाएं 8 अक्तूबर से 17 अक्तूबर के बीच सभी राजकीय और मान्यता प्राप्त अध्ययन केंद्रों पर आंतरिक रूप से संचालित होंगी। संबंधित विषयों के अध्यापक ही इन परीक्षाओं के प्रश्न पत्र तैयार करेंगे।

Aapka Faisla Dt.23-08-26

# टीईटी जून-2026 का परिणाम घोषित, 6,744 अभ्यर्थी हुए उत्तीर्ण

**ऊना, (आपका फैसला)।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जून-2026 में आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) का परिणाम घोषित कर दिया गया है। बोर्ड द्वारा प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में 10 विषयों में शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा के लिए कुल 32,531 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया, जिनमें से 29,900 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित हुए, जबकि 2,631 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में उपस्थित अभ्यर्थियों में से 6,744 अभ्यर्थी उत्तीर्ण तथा 23,154 अभ्यर्थी अनुत्तीर्ण घोषित किए गए। इस प्रकार परीक्षा में उपस्थित अभ्यर्थियों के आधार पर कुल 22.56 प्रतिशत अभ्यर्थी सफल रहे। जून-2026 में बोर्ड द्वारा स्पेशल एजुकेटर TET (प्री-प्राइमरी से कक्षा V), स्पेशल एजुकेटर TET (कक्षा VI से XII), TGT Arts, TGT Medical, JBT, TGT Sanskrit, Punjabi, Urdu, TGT Non-Medical तथा TGT Hindi विषयों में परीक्षा आयोजित की गई। स्पेशल एजुकेटर TET (कक्षा VI से XII) का परिणाम सभी विषयों में सर्वाधिक रहा। इस परीक्षा में 88 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जिनमें से 82 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार उत्तीर्ण प्रतिशत 93.18 प्रतिशत रहा। वहीं स्पेशल एजुकेटर TET (प्री-प्राइमरी से कक्षा V) में 320 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 136 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए और परिणाम 42.50 प्रतिशत रहा। JBT TET के लिए 8,925 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 8,374 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित हुए। इनमें 4,369 अभ्यर्थी उत्तीर्ण तथा 4,005 अभ्यर्थी अनुत्तीर्ण रहे। JBT TET का उत्तीर्ण प्रतिशत 52.17 प्रतिशत रहा। TGT Arts में 9,647 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 497 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए और उत्तीर्ण प्रतिशत 5.15 प्रतिशत रहा।TGT Medical में 3,020 अभ्यर्थियों में से 161 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए तथा परिणाम 5.33 प्रतिशत रहा। TGT Sanskrit में 1,296 अभ्यर्थियों में से 205 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए और उत्तीर्ण प्रतिशत 15.82 प्रतिशत रहा। TGT Non-Medical में 5,067 अभ्यर्थियों में से 969 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए तथा परिणाम 19.14 प्रतिशत रहा। TGT Hindi में 2,013 अभ्यर्थियों में से 314 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए और उत्तीर्ण प्रतिशत 15.60 प्रतिशत रहा। Punjabi TET में 71 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित हुए, जिनमें से 9 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए और परिणाम 12.68 प्रतिशत रहा। Urdu TET में 4 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 2 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए और परिणाम 50 प्रतिशत रहा। TGT Non-Medical में MC के दो मामले, परीक्षा के दौरान TGT Non-Medical विषय में अनुचित साधन (MC) के दो मामले सामने आए। बोर्ड द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार संबंधित दोनों अभ्यर्थियों को एक वर्ष के लिए TGT Non-Medical की परीक्षा के लिए अयोग्य घोषित किया गया है। Provisional Answer Key पर प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण, परीक्षा के उपरांत बोर्ड द्वारा जारी Provisional Answer Key पर अभ्यर्थियों से आपत्तियां आमंत्रित की गई थीं। प्राप्त आपत्तियों का विषय विशेषज्ञों से परीक्षण करवाने के बाद नियमानुसार उनका निस्तारण किया गया तथा आवश्यक संशोधनों के उपरांत Final Answer Key तैयार की गई। इसी Final Answer Key के आधार पर टीईटी जून-2026 का परिणाम तैयार किया गया है।

**Dainik Jagran Dt.23-08-26**

# राज्य मुक्त विद्यालय की परीक्षाएं 17 से

**धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने राज्य मुक्त विद्यालय के तहत 8वीं, 10वीं व 12वीं कक्षाओं की परीक्षाओं का विस्तृत शेड्यूल जारी कर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि पूर्ण विषय, री-अपियर, श्रेणी सुधार और अतिरिक्त विषयों की परीक्षाएं 17 सितंबर से प्रदेशभर में आयोजित होंगी। सभी लिखित परीक्षाएं सुबह 9:45 से दोपहर 1 बजे तक होंगी। आठवीं की परीक्षाएं 17 से 24 सितंबर, दसवीं की 17 से 28 सितंबर और जमा दो की परीक्षाएं 17 सितंबर से 6 अक्टूबर तक आयोजित की जाएंगी। लिखित परीक्षाओं के बाद दसवीं और बाहरवीं की प्रायोगिक परीक्षाएं आठ से 17 अक्टूबर तक सभी राजकीय और मान्यता प्राप्त अध्ययन केंद्रों में आंतरिक रूप से होंगी। (जासं)

# RV7 NEWS

सच है तो दिखेगा

शुक्रवार, 22 अगस्त 2026

धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश

वर्ष: 08 | अंक: 186

पृष्ठ: 04 | मूल्य: ₹ 2.00

/RV7NEWS




# 17 सितंबर से शुरू होंगी राज्य मुक्त विद्यालय की परीक्षाएं,

## बारिश से छूटे छात्रों को भी मिला मौका

**हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जारी किया 8वीं, 10वीं और 12वीं का शेडयूल; सुबह 9:45 बजे से शुरू होंगे पेपर**

**धर्मशाला.** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने राज्य मुक्त विद्यालय (SOS) के तहत 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षाओं की परीक्षाओं का विस्तृत शेडयूल जारी कर दिया है। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने घोषणा की है कि पूर्ण विषय, री-अपियर, श्रेणी सुधार और अतिरिक्त विषयों की ये परीक्षाएं 17 सितंबर 2026 से पूरे प्रदेश में आयोजित की जाएंगी।

बोर्ड ने उन विद्यार्थियों को भी बड़ी राहत दी है, जो भारी बारिश या कंपार्टमेंट के कारण पहले परीक्षा नहीं दे पाए थे।



### इन छात्रों को मिला विशेष अवसर

**कंपार्टमेंट के विद्यार्थी:** मार्च 2026 में हुई 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में पुनर्मूल्यांकन के बाद जिन नियमित परीक्षार्थियों की कंपार्टमेंट आई है, उन्हें इस शेडयूल के साथ परीक्षा देने का विशेष मौका दिया गया है।

**बारिश से प्रभावित छात्र:** 10 जुलाई 2026 को प्रदेश में भारी बारिश के कारण पैदा हुए हालातों की वजह से जो 8वीं के नियमित छात्र परीक्षा नहीं दे पाए थे, वे भी इन्हीं तिथियों पर अपनी परीक्षा दे सकेंगे।

### परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम

सभी लिखित परीक्षाएं सुबह 9:45 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आयोजित होंगी।

| | |
|---|---|
| आठवीं कक्षा | 17 सितंबर से 24 सितंबर 2026 तक |
| दसवीं कक्षा | 17 सितंबर से 28 सितंबर 2026 तक |
| जमा दो (12वीं) कक्षा | 17 सितंबर से 06 अक्टूबर 2026 तक |

### बोर्ड अध्यक्ष की अपील

"परीक्षा विद्यार्थियों की मेहनत और तैयारी को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। सभी छात्र परीक्षा कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक देखें और पूरी लगन व आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें।

– डॉ. राजेश शर्मा

अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड

### बोर्ड अध्यक्ष ने की अपील

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि सभी परीक्षार्थियों को निष्पक्ष, सुव्यवस्थित और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था उपलब्ध करवाना बोर्ड की प्राथमिकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से परीक्षा कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक देखने और पूरी तैयारी व आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने की अपील की।

### प्रायोगिक परीक्षाएं (Practical Exams)

लिखित परीक्षाओं के बाद 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

**08 अक्टूबर 2026 से 17 अक्टूबर 2026 तक**

ये परीक्षाएं सभी राजकीय और मान्यता प्राप्त अध्ययन केंद्रों (Study Centres) पर आंतरिक रूप से संचालित होंगी। संबंधित विषयों के अध्यापक ही इन परीक्षाओं के प्रश्न पत्र तैयार करेंगे।

**अभिभावकों और संबंधित विद्यालयों से भी अपील की गई है कि वे परीक्षा प्रक्रिया को शांतपूर्ण एवं सुचारू रूप से संपन्न करवाने में सहयोग दें।**

**हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की प्राथमिकता – निष्पक्ष, सुव्यवस्थित और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था**

अधिक जानकारी के लिए बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट देखें: www.hpbose.org

निप्पी बादल LIVE न्यूज़
सच्ची खबर, सटीक नज़र

धर्मशाला
शनितार
22 अगस्त 2026


वर्ष: 05 | अंक: 218 Website: www.nippibadallive.com Email: nippibadallive@gmail.com

# 17 सितंबर से शुरू होंगी राज्य मुक्त विद्यालय की परीक्षाएं, बारिश से छूटे छात्रों को भी मिला मौका

**हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जारी किया 8वीं, 10वीं और 12वीं का शेडयूल; सुबह 9:45 बजे से शुरु होंगे पेपर**

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने राज्य मुक्त विद्यालय (SOS) के तहत होने वाली 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षाओं की परीक्षाओं का विस्तृत शेड्यूल जारी कर दिया है। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने घोषणा की है कि पूर्ण विषय, री-अपियर, श्रेणी सुधार और अविरिक्त विषयों की ये परीक्षाएं 17 सितंबर 2026 से पूरे प्रदेश में आयोजित की जाएंगी। बोर्ड ने उन विद्यार्थियों को भी बड़ी राहत दी है, जो भारी बारिश या कंपार्टमेंट के कारण पहले परीक्षा नहीं दे पाए थे।



**डॉ. राजेश शर्मा**
अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड

## परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम

बोर्ड द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, सभी लिखित परीक्षाएं सुबह 9:45 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आयोजित की जाएंगी। विद्यार्थियों को सलाह दी गई है कि ये निर्धारित समय से पहले अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचें।

- **आठवीं कक्षा:**
  17 सितंबर से 24 सितंबर 2026 तक
- **दसवीं कक्षा:**
  17 सितंबर से 28 सितंबर 2026 तक
- **जमा दो (12वीं) कक्षा:**
  17 सितंबर से 06 अक्टूबर 2026 तक

## प्रायोगिक परीक्षाएं (Practical Exams)

लिखित परीक्षाओं के बाद 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। ये परीक्षाएं **08 अक्टूबर 2026** से **17 अक्टूबर 2026** के बीच सभी राजकीय और मान्यता प्राप्त अध्ययन केंद्रों (Study Centres) पर आंतरिक रूप से संचालित होंगी। संबंधित विषयों के अध्यापक ही इन परीक्षाओं के प्रश्न पत्र तैयार करेंगे।


## इन छात्रों को मिला विशेष अवसर

- **कंपार्टमेंट के विद्यार्थी:** मार्च 2026 में हुई 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में पुनर्मूल्यांकन के बाद जिन नियमित परीक्षार्थियों की कंपार्टमेंट आई है, उन्हें इस शेड्यूल के साथ परीक्षा देने का विशेष मौका दिया गया है।
- **बारिश से प्रभावित छात्र:** 10 जुलाई 2026 को प्रदेश में भारी बारिश के कारण पैदा हुए हालातों की वजह से जो 8वीं के नियमित छात्र परीक्षा नहीं दे पाए थे, वे भी इन्ही तिथियों पर अपनी परीक्षा दे सकेंगे।

## बोर्ड अध्यक्ष की अपील

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने परीक्षा की तैयारियों को लेकर आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी परीक्षार्थियों को निष्पक्ष, सुव्यवस्थित और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था उपलब्ध करवाना बोर्ड की प्राथमिकता है।

> "परीक्षा विद्यार्थियों की मेहनत और तैयारी को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। सभी छात्र परीक्षा कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक देखें और पूरी लगन व आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें।"
>
> – डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड



AUGUST 23, 2026 SUNDAY
HIMACHAL PRADESH

The Sunny Times

# HPBOSE ANNOUNCES DATES FOR STATE OPEN SCHOOL CLASS 8, 10, AND 12 EXAMS

*Sunny Mahajan | Dharamshala*

The Himachal Pradesh Board of School Education has announced the official dates for the State Open School (SOS) examinations for Classes 8, 10, and 12. Board Chairman Dr. Rajesh Sharma confirmed that written exams for full subjects, re-appear, improvement of division, and additional subjects will commence across the state on September 17, 2026.

All written theory examinations will run in a single morning session from 9:45 AM to 1:00 PM. According to the board, Class 8 exams will conclude on September 24, Class 10 exams on September 28, and Class 12 exams on October 6.

In a major relief measure, the board has accommodated students who could not appear earlier due to disruptions. Regular Class 8 students who missed their exams on July 10, 2026, due to severe monsoon conditions are permitted to sit for these September papers. Additionally, Class 10 and Class 12 regular students placed in the compartment category following the March 2026 re-evaluation process have been granted this special opportunity to clear their exams.

Following the theory schedule, practical exams for Classes 10 and 12 will take place internally between October 8 and October 17, 2026, across designated government and affiliated study centres, with respective subject teachers preparing the question papers.

Dr. Sharma assured students and parents of fair, transparent, and seamless exam arrangements across all centres, advising candidates to verify their schedules and arrive well before the reporting time.

